# नेशनल गेम्स विलेज, कोरमंगला, बेंगलूरु - 560 034 में स्थित सी-डॉट फ्लैटों के नवीनीकरण

# के लिए

# निबंधन एवं शर्तें,

# विनिर्देश

**निविदा संख्या**
**सी-डॉटबी/निविदा/2023-2024/002**

| **खंड सं.** | **विषय-सूची** : | **पृष्ठ सं** |
|---|---|---|
|  | विषय-सूची | 2 |
| 1. | परिचय | 3 |
| 2-4. | बोलियां आमंत्रित करना, निविदा की सारणी एवं महत्वपूर्ण तिथियां, कार्य की व्याप्ति | 4 |
| 5-6. | अपेक्षित सेवाओं का विवरण, सामान्य सूचना एवं बोलीकर्ताओं के लिए अनुदेश | 5-6 |
| 7. | विनिर्देश | 7-12 |
| 8. | निष्पादन बैंक गैरण्टी की प्रस्तुति | 13 |
| 9. | मानक निबंधन एवं शर्तें | 14-16 |
| 10-11. | बोलीदाताओं की पात्रता मानदंड, बोलियों का मूल्यांकन मानदंड | 17-18 |
| 12-14. | भुगतान की शर्तें, नवीनीकरण कार्य पूरा करने के लिए समय/अवधि, जुर्माना | 19 |
| 15-16. | ठेकेदार/बोलीदाता की जिम्मेदारियाँ, वारंटी, | 20-21 |
| 17-19 | निराकरण, अप्रत्याशित घटना, विवादों का निपटारा | 22 |
| | वाणिज्यिक अनुपालन शीट - अनुलग्नक–क | 23-26 |
| | तकनीकी अनुपालन शीट - अनुलग्नक–ख | 27-33 |
| | निविदा स्वीकृति पत्र - अनुलग्नक–ग | 34-35 |
| | एमआईआई / स्थानीय सामग्री की घोषणा, जीएफआर 144 प्रपत्र - अनुलग्नक–घ | 36-40 |
| | दस्तावेज की समाप्ति | 41 |

**1. परिचय:**

सी-डॉट, डिजिटल टेलीफोन एक्सचेंजों के डिजाइन और विकास तथा दूरसंचार क्षेत्र में अनुसंधान कार्य करने के लिए स्थापित दूरसंचार प्रौद्योगिकी केंद्र है। सी-डॉट, टर्न-की आधार पर नेशनल गेम्स विलेज, कोरमंगला, बेंगलूरु - 560 034 में स्थित अपने सात फ्लैटों के नवीनीकरण / नवीकरण और अन्य संबद्ध कार्य करने के लिए प्रत्याशी, प्रतिष्ठित और अनुभवी सिविल ठेकेदारों से ऑनलाइन बोलियाँ आमंत्रित करता है।

सी-डॉट भारत सरकार द्वारा स्थापित एक सार्वजनिक वित्त पोषित अनुसंधान एवं विकास संगठन है और जीएसटी के तहत पंजीकृत है। बेंगलूरु की जीएसटी संख्या–29AAATC3895K1Z7 एवं दिल्ली की जीएसटी संख्या–07AAATC3895K1ZD है।

## 2. बोलियां आमंत्रित करना:

नवीनीकरण/ नवीकरण कार्य और अन्य संबद्ध कार्यों को करने के लिए नीचे दिए गए विवरण के अनुसार प्रतिस्पर्धी बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:

| क्र.सं. | मद | संख्या | विनिर्देश |
|---|---|---|---|
| 1 | नेशनल गेम्स विलेज, कोरमंगला, बेंगलूरु -560 034 में स्थित सात फ्लैटों का टर्नकी आधार पर- नवीनीकरण/ नवीकरण<br>**कावेरी ब्लॉक, एन.जी.वी**<br>बी5 ब्लॉक – फ्लैट नं. 416 417<br>बी4 ब्लॉक – फ्लैट नं. 419<br>ए5 ब्लॉक – फ्लैट नं. 315, 316, 415, 416 | सात फ्लैट। सभी सात फ्लैट 3BHK के हैं। प्रत्येक फ्लैट 1600 वर्ग फुट का है | निविदा दस्तावेज के अनुसार |

**3. निविदा की सारणी एवं महत्वपूर्ण तिथियां** :

**विवरण के लिए कृपया निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) दस्तावेज देखें।**

**4. कार्य की व्याप्ति :**

- ✓ इन फ्लैटों की सभी खिड़कियां बदली जानी हैं
- ✓ सभी शौचालयों में फ्लोर टाइल्स और वॉल टाइल्स को वाटर प्रूफ ट्रीटमेंट के बाद बदला जाना है
- ✓ सभी फॉसट, वॉश बेसिन, नल आदि बदले जाने हैं
- ✓ पूरा इंटीरियर वॉल पेंटिंग की जानी है
- ✓ नवीनीकृत फ्लैट के पास की सीढ़ी लैंडिंग और लिफ्ट लाउंज की मरमम्त की जानी है
- ✓ बालकनियों का नवीनीकरण किया जाना है
- ✓ सभी जुड़नार और फिटिंग के साथ मॉड्यूलर किचन
- ✓ लिविंग रूम और डाइनिंग हॉल में फाल्स सीलिंग
- ✓ वार्डरोब को मॉड्यूलर वार्डरोब में बदलना
- ✓ लंबे समय तक टिकाउपन के लिए सभी फ्लश डोर और मैन डोर को नए डोर से बदलना
- ✓ लिविंग रूम में एशियन पेंट्स रोयाले प्ले के नवीनतम डिजाइनों के साथ वॉल पेंटिंग
- ✓ पूरे फर्श पर नई टाइल्स लगानी हैं
- ✓ रसोई की वॉल टाइलों को बदलकर नई टाइलें लगानी हैं
- ✓ किचन में एसएस सिंक के साथ नया ग्रेनाइट प्लेटफॉर्म लगाना है

**5. <u>अपेक्षित सेवाओं का विवरण</u> :**

अपेक्षित सेवाओं के विवरण के लिए कृपया बिल ऑफ क्वांटिटी (बीओक्यू) और इस निविदा दस्तावेज की क्रम सं. 7 में दिए गए विस्तृत/अतिरिक्त विनिर्देश देखें।

**6.0 <u>सामान्य सूचना एवं बोलीकर्ताओं के लिए अनुदेश</u>**

6.1 सी-डॉट, बेंगलूरु टर्न-की आधार पर नेशनल गेम्स विलेज, कोरमंगला, बेंगलूरु -560 034 में स्थित सात फ्लैटों के नवीनीकरण/ नवीकरण के लिए ई-प्रोक्योरमेंट सीपीपी पोर्टल के माध्यम से प्रत्याशी, प्रतिष्ठित और अनुभवी क्लास-I सिविल ठेकेदारों से इस निविदा के निविदा दस्तावेज और बीओक्यू में दिए गए विवरण के अनुसार दोहरी बोली प्रणाली पर ई-बोलियाँ आमंत्रित करता है।

क्रय समूह
सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डॉट)
इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी, फेज I, होसूर रोड,
बेंगलूरु 560 100
दूरभाष नम्बर 080-25119558/25119590
ईमेल : tender@cdot.in

6.2 **<u>बोलियां केवल ई-निविदा पोर्टल अर्थात, http://eprocure.gov.in/eprocure/app.पर ऑनलाइन जमा करानी होंगी।</u>** <u>फैक्स, ईमेल या ऑफलाइन मोड द्वारा भेजी गई बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तारीख और समय के बाद प्राप्त होने वाली बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।</u> इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्र-व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा

6.3 बोलीकर्ताओं को सभी आवश्यक दस्तावेजों अर्थात निविदा शुल्क/बयाना जमा राशि (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज में निर्दिष्ट अन्य प्रमाण पत्र/दस्तावेजों की स्कैन प्रतियां संलग्न करनी होंगी। बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि तकनीकी बोली के अंग के रूप में एनआईटी दस्तावेज़ के बिंदु 4 में दर्शाए गए तकनीकी दस्तावेजों को अपलोड करें। तथापि, इसके बाद तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा आवश्यक होने पर बोलीकर्ता अतिरिक्त तकनीकी दस्तावेज उपलब्ध कराएगा। आवश्यक प्रमाण के बिना जमा बोलियों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

6.4 इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रश्न पर केवल (tender@cdot.in) के माध्यम से प्रश्न जमा करने की अंतिम तारीख या उससे पहले **<u>(यानी) 22.05.2023 को 09:00 बजे से पहले औपचारिक पत्र या ईमेल भेजे जाने पर ही विचार किया जाएगा। उपरोक्त तारीख और समय के बाद स्पष्टीकरण के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।</u>** बोलीकर्ताओं को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि उस प्रश्न पर विचार करना या नहीं करना सी-डॉट का विवेकाधिकार होगा और आवश्यक समझे जाने पर ही उसका जवाब दिया जाएगा।

6.5 सभी प्रश्नों के उत्तर/शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) केवल सीपीपी पोर्टल और www.cdot.in वेबसाइटों पर अपलोड किए जाएंगे और समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जाएंगे। बोलीदाताओं को निविदाएं प्रस्तुत करने से पहले वेबसाइट चेक करने की सलाह दी जाती है।

6.6 ईएमडी राशि ₹ 1,68,000/- (एक लाख, अड़सठ हज़ार रुपए मात्र) सी-डॉट बेंगलूरु के पक्ष में एनईएफटी के माध्यम से नियत तारीख से पहले जमा की जानी चाहिए। विवरण एनआईटी दस्तावेज़ में दर्शाए गए प्रारूप के अनुसार अपलोड किया जाना है। सावधि जमा के रूप में ईएमडी स्वीकार्य नहीं है।

6.7 **निविदा शुल्क और ईएमडी के बिना बोलियां सीधे तौर पर खारिज कर दी जाएंगी। हालांकि सरकारी निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, एसएसआई/एसएमई/एमएसएमई/एनएसआईसी संगठनों को संबंधित प्रमाण प्रस्तुत करने पर छूट मिल सकती है।**

6.8 असफल बोलीकर्ताओं को ईएमडी राशि निविदा की अंतिम तिथि या निविदा प्रदान किए जाने के 6 महीने के भीतर, जो भी पहले हो, बिना ब्याज के लौटा दी जाएगी। ईएमडी बैंक गारंटी के रूप में जमा कराए जाने की स्थिति में वह निविदा की अंतिम तिथि से 6 महीने तक वैध रहेगी।

6.9 निम्न मामलों में ईएमडी राशि सी-डॉट द्वारा बिना सूचना के जब्त कर ली जाएगी

क) यदि बोली जमा करने के बाद, निविदाकर्ता क्रय आदेश का पालन करने में विफल रहता है या निविदा के किसी भी/सभी निबंधन और शर्तों का पालन करने से इनकार करता है।

ख) यदि बोलीकर्ता वैधता की अवधि के दौरान अपनी पेशकश को वापस लेता/उसमें बदलाव करता है।

ग) क्रय आदेश प्रदान किए जाने और स्वीकृति के बाद यदि बोलीकर्ता क्रय आदेश में निर्दिष्ट तारीख पर सेवाएं शुरू करने में विफल रहता है।

घ) आदेश प्रदान किए जाने और स्वीकृति के बाद सेवाएं प्रदान करने में अक्षम्य विलंब।

ङ) यदि बोलीकर्ता द्वारा उपलब्ध कराई गई कोई जानकारी गलत पाई जाती है।

6.10 बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे निविदा के निबंधन व शर्तें सावधानी से पढ़ने के बाद ही अपनी निविदाएं जमा करायें। इस निविदा के परिणामस्वरूप मिलने वाला कोई भी क्रय आदेश, निविदा दस्तावेज में उल्लिखित निबंधन व शर्तों द्वारा नियंत्रित होगा और समझा जाएगा कि इस निविदा के लिये संविदा दर भेजने वाले बोलीकर्ता ने उन्हें पढ़ने और समझने के बाद बिना शर्त स्वीकार कर लिया है।

6.11 **बोली-पूर्व बैठक इलैक्ट्रॉनिक सिटी, फेज़-1, होसूर रोड में स्थित सी-डॉट परिसर में मंगलवार, 23 मई 2023 को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। बोलीदाताओं के लिए बोली-पूर्व बैठक में भाग लेने के लिए सी-डॉट को या तो कंपनी से प्राधिकरण या बिजनेस कार्ड जमा करना अनिवार्य है।**

**7. विनिर्देश :**

टर्न-की आधार पर कार्य करने के लिए विनिर्देश **बिल ऑफ क्वांटिटी (बीओक्यू) अनुसार होंगे।**

**हालांकि, बीओक्यू की क्रम सं. 1.07, 1.12, 1.13 और 1.19 में दिए गए विस्तृत / अतिरिक्त विनिर्देश नीचे दिए गए हैं :**

**बीओक्यू की क्रम सं. 1.07 के लिए विनिर्देश :**

| | | |
|---|---|---|
| **शौचालय स्वच्छता कार्य/नलसाजी** | | |
| *** मौजूदा कमोड (इंडियन/वेस्टर्न), वॉश बेसिन, पुराने पाइप और अन्य सामान आदि को हटा दें और साइट पर तैनात सी-डॉट के अधिकृत प्रतिनिधि को सौंप दें।** | **एकमुश्त** | **--** |
| * आवश्यक मोड़ एल्बो और पूर्ण टर्नकी कार्य के साथ आईएसआई मार्क वाली 4 इंच 4 किलो दबाव वाली नई पीवीसी लगाना | **250** | **आर.एफ.टी** |
| *** बाथरूम/डायनिंग और किचन के लिए पानी की लाइनों के लिए रंग और ¾" सीपीवीसी पाइप बेंड की आपूर्ति और फिक्सिंग** | **850** | **आर.एफ.टी** |
| फ्लश टैंक और आवश्यक सामान के साथ फ्लोर माउंटेड वेस्टर्न कमोड की आपूर्ति और फिक्सिंग। (कैस्केड टाइप) | **14** | **नग** |
| वॉल फ्लेंज शावर आर्म, वॉल मिक्सर हॉट एंड कोल्ड 3:1 एंगल कॉक, हेल्थ फॉसेट, शॉवर आर्म, पाइप आदि आवश्यक एक्सेसरीज के साथ लगाना<br>**वेस्टर्न कमोड: जगुआर, सेरा, हिंदवेयर और पैरीवेयर** | **14** | **नग** |

**बीओक्यू की स्वीकृति के भाग के रूप में, इस शीट पर हस्ताक्षर कर, कंपनी की मुहर लगाई जानी चाहिए और अनुलग्नक-ख - तकनीकी अनुपालन शीट में संलग्न करना होगा।**

**बीओक्यू की क्रम सं. 1.12 के लिए विनिर्देश :**

| | | |
|---|---|---|
| **बिजली के काम** | | |
| सभी पुराने स्विच बक्सों को हटाना और आवश्यक सिविल संबंधी कार्यों के साथ नए मेटल के बक्से लगाना | 7 | फ्लैट |
| आपूर्ति, फिक्सिंग और इनके कनेक्शन : | | |
| *** दरवाजे के साथ मुख्य एमसीबी बॉक्स: 12 वे बॉक्स - 1 नं.** | | |
| *** 4 पोल 40 A एमसीबी : - 1 नं.** | | |
| *** 2 पोल 32 A एमसीबी : - 1 नं.** | | |
| *** 1 पोल 16 A एमसीबी : - 4 नं.** | | |
| *** 1 पोल 10 A एमसीबी : - 2 नं.** | | |
| मेक: हैवेल्स, श्नाइडर, लेग्रैंड। | | |
| *** रोमा मेक मेटल बॉक्स :** | | |
| 12 मॉड्यूलर बॉक्स - 5 नं. | | |
| 8 मॉड्यूलर बॉक्स - 2 नं. | | |
| 6 मॉड्यूलर बॉक्स - 3 नं. | | |
| 4 मॉड्यूलर बॉक्स - 11 नं. | | |
| 2 मॉड्यूलर बॉक्स - 6 नं. | | |
| *** रोमा मेक प्लेट :** | | |
| 12 मॉड्यूलर बॉक्स फ्रेम के साथ - 5 नं. | | |
| 8 मॉड्यूलर बॉक्स फ्रेम के साथ - 2 नं. | | |
| 6 मॉड्यूलर बॉक्स फ्रेम के साथ - 3 नं. | | |
| 4 मॉड्यूलर बॉक्स फ्रेम प्लाट के साथ - 11 नं. | | |
| 2 मॉड्यूलर बॉक्स फ्रेम प्लाट के साथ - 6 नं. | | |
| *** रोमा मेक स्वीचेस् :** | | |
| 10 A स्वीच - 67 नं. | | |
| 20 A स्वीच - 7 नं. | | |
| 10 A टू-वे स्वीच - 6 नं. | | |
| डम्मी प्लेट - 15 नं. | | |
| *** रोमा मेक सॉकेट :** | | |
| 10 A सॉकेट - 17 नं. | | |
| 20 A सॉकेट - 7 नं. | | |
| 10 A 2 पिन सॉकेट - 2 नं. | | |
| *** रोमा मेक फैन रेगुलेटर - 5 नं.** | | |
| *** बेल पुश - 1 नं.** | | |
| *** डोरबेल डिंगडॉन्ग - 1 नं.** | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| *** एन्गल होल्डर** | **- 23 नं.** | | |
| *** बैटन होल्डर** | **- 3 नं.** | | |
| *** सीलिंग रोज़** | **- 8 नं.** | | |
| *** चक्के प्लेट पीवीसी** | **- 28 नं.** | | |
| आपूर्ति और फिक्सिंग, ऊपर उद्घृत अनुसार एक फ्लैट के लिए आवश्यक सामग्री, उपलब्ध मौजूदा वायरिंग के साथ। सात फ्लैटों के लिए गुणा किया जाना है और उसके अनुसार **एकमुश्त** आधार पर दरें प्रस्तुत की जानी हैं।<br>नोट: स्विच और सॉकेट सी-डॉट द्वारा चुने जाएंगे। | | | |

**बीओक्यू की स्वीकृति के भाग के रूप में, इस शीट पर हस्ताक्षर कर, कंपनी की मुहर लगाई जानी चाहिए और अनुलग्नक-ख - तकनीकी अनुपालन शीट में संलग्न करना होगा।**

**<u>बीओक्यू की क्रम सं. 1.13 के लिए विनिर्देश :</u>**

| | | |
|---|---|---|
| * सभी पुराने बिजली के सामान जैसे पंखे, गीजर, एलईडी बल्ब और जुड़नार हटाना। | | |
| **पंखे, गीजर, यूपीएस, एलईडी बल्ब और जुड़नार जैसे सभी विद्युत जुड़नार की आपूर्ति और फिक्सिंग।** | | |
| ***सीलिंग फैन**: 48 इंच, 3 ब्लेड, इलेक्ट्रॉनिक रेगुलेटर के साथ 1200 मिमी स्वीप - 5 नग | **7** | **फ्लैट** |
| मेक: क्रॉम्पटन, बजाज, उषा या कोई आईएसआई मेक | | |
| नोट: पंखे का रंग सी-डॉट द्वारा चुना जाएगा। | | |
| ***गीज़र:** 25 लीटर 5 सितारा घरेलू गीज़र वर्टिकल टाइप (IS:2082 या नवीनतम) - 2 नग | **7** | **फ्लैट** |
| मेक: Bajaj, वी-गार्ड या कोई आईएसआई मेक | | |
| ***1 KVA ऑनलाइन यूपीएस:** कोई भी आईएसआई मेक का 120 AH एसएमएफ बैटरी का ऑनलाइन यूपीएस -1 नग | **7** | **फ्लैट** |
| यूपीएस मेक: माइक्रोटेक, ल्यूमिनस, एपीसी | | |
| बैटरी मेक: एक्साइड, एमरॉन। | | |
| ***एलईडी फिक्स्चर:** 20W 4 फीट एलईडी फिटिंग - 10 नं | **7** | **फ्लैट** |
| मेक: क्रॉम्पटन, हैवेल्स, जीई, या कोई आईएसआई मेक | | |
| ***LED बल्ब: 12 W** बल्ब -12 नग | **7** | **फ्लैट** |
| मेक: क्रॉम्पटन, हैवेल्स, फिलिप्स, या कोई आईएसआई मेक | | |
| सी-डॉट द्वारा चुने जाएंगे। | | |
| आपूर्ति और फिक्सिंग, ऊपर उद्घृत अनुसार एक फ्लैट के लिए आवश्यक सामग्री, उपलब्ध मौजूदा वायरिंग के साथ। सात फ्लैटों के लिए गुणा किया जाना है और उसके अनुसार **एकमुश्त** आधार पर दरें प्रस्तुत की जानी हैं। नोट: स्विच और सॉकेट सी-डॉट द्वारा चुने जाएंगे। | | |

**<u>बीओक्यू की स्वीकृति के भाग के रूप में, इस शीट पर हस्ताक्षर कर, कंपनी की मुहर लगाई जानी चाहिए और अनुलग्नक-ख - तकनीकी अनुपालन शीट में संलग्न करना होगा।</u>**

**बीओक्यू की क्रम सं. 1.19 के लिए विनिर्देश :**

| | | |
|---|---|---|
| **मॉड्यूलर किचन** | | |
| *** काउंटर के नीचे** :<br>आवश्यक दराज के साथ मॉड्यूलर किचन बॉक्स प्रकार की आपूर्ति और फिक्सिंग दोनों साइड लेमिनेशन 19 मिमी पानी और दीमक प्रूफ प्लाईवुड का उपयोग करके, लेमिनेशन की मोटाई 1 /0.8 मिमी ब्रांडेड।<br>निम्नलिखित के साथ मॉड्यूलर किचन का प्रावधान किया जाना चाहिए: | **210** | **वर्ग फुट** |
| *** एसएस बास्केट्स स्लाइडिंग चैनल और फिक्सिंग के साथ**<br>4” कटलरी -1 नं<br>6" कप और सॉसर - 1 नं<br>8” थाली बास्केट -1 नं<br>8" ग्रेन बास्केट -1 नं<br>6" बॉटल पुलआउट -1 नं<br>(उपरोक्त सामग्री x 7 फ्लैट)<br>मेक: हेटिच, गोदरेज, एबको, स्टील गोल्ड और विनस्टार | **7** | **फ्लैट** |
| *** काउंटर के ऊपर शेल्फ**:<br>काउंटर के ऊपर शेल्फ की आपूर्ति और फिक्सिंग दोनों ओर लेमिनेशन 19 मिमी, पानी और दीमक प्रूफ प्लाईवुड का उपयोग करके, लेमिनेशन की मोटाई 1 /0.8 मिमी ब्रांडेड। | **105** | **वर्ग फुट** |
| ***किचन चिमनी :***<br>60 सेमी 1200 m3/घंटा के साथ फ़िल्टर रहित ऑटो क्लीन सहित ऑटो मोशन सेंसर चिमनी की आपूर्ति और फिक्सिंग।<br>मेक: फैबर, हिंदवेयर, प्रेस्टीज, आलिया और एलिका। | **7** | **सेट** |
| **नोट:** कटलरी, प्लेट बास्केट, किचन वॉल शेल्फ आदि के लिए एसएस ट्रे। कार्य में किचन एरिया में इलेक्ट्रिकल, चिमनी, हॉब, एग्जॉस्ट आदि का प्रावधान शामिल है।<br>नोट: सी-डॉट द्वारा लैमिनेशन और एक्सेसरीज चुने जाएंगे। | | |

**बीओक्यू की स्वीकृति के भाग के रूप में, इस शीट पर हस्ताक्षर कर, कंपनी की मुहर लगाई जानी चाहिए और अनुलग्नक-ख - तकनीकी अनुपालन शीट में संलग्न करना होगा।**

## 8. निष्पादन बैंक गारंटी प्रस्तुत करना:

8.1 सफल बोलीकर्ता को कुल आदेश मूल्य के 3% तक की निष्पादन बैंक गारंटी जमा करनी होगी जो कि 34 महीने की न्यूनतम अवधि (कार्य पूरा करने के लिए 2 वर्ष की वारंटी + 10 महीने की अनुमानित अवधि) के लिए वैध होनी चाहिए।

8.2 पीबीजी आदेश प्रदान करने की तारीख से एक महीने के भीतर जमा करनी होगी, ऐसा न करने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

8.3 पीबीजी को जमा तभी जमा माना जाएगा जब पीबीजी की हार्ड कॉपी सी-डॉट आधिकारिक बैंकरों को जारीकर्ता बैंक द्वारा भेजे गए एसएफएमएस संदेश की प्रति के साथ प्राप्त होती है।

8.4 यदि बोलीकर्ता को पीबीजी जमा करने की अवधि (30 - 60 दिनों से) को बढ़ाने की आवश्यकता है, तो बोलीकर्ता द्वारा देरी का औचित्य बताते हुए उसका अनुरोध प्रस्तुत करना होगा। उक्त अनुरोधों पर विचार करना सी-डॉट का एकल निर्णय होगा।

8.5 यदि समय बढ़ाने से इनकार किया जाता है, तो पीबीजी मूल्य पर 15% प्रति वर्ष की दर से दंडात्मक ब्याज क्रय आदेश की स्वीकृति की तारीख के बाद 30 दिनों से अधिक की देरी पर लगाया जाएगा। जब भी भुगतान देय होगा, लागू दंड को पहले/अंतिम भुगतान से काट लिया जाएगा।

8.6 यदि बोलीकर्ता द्वारा 30 या 60 दिनों के भीतर पीबीजी जमा नहीं की जाती है, तो सी-डॉट को आदेश को रद्द करने और ईएमडी राशि को जब्त करने का अधिकार है।

8.7 माल/सेवाओं की आपूर्ति के लिए भुगतान तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि पीबीजी जमा नहीं की जाती।

8.8 यदि पीबीजी जमा न करने के कारण क्रय आदेश रद्द कर दिया जाता है तो सी-डॉट द्वारा चूककर्ता को डिबार/ब्लैक लिस्ट करने के लिए कार्रवाई शुरू की जाएगी और ईएमडी राशि जब्त कर ली जाएगी।

8.9 सी-डॉट का निर्णय अंतिम होगा जो बोलीकर्ता पर बाध्यकारी रहेगा।

**9. <u>मानक निबंधन एवं शर्तें :</u>**

9.1 इच्छुक निविदाकर्ताओं को तकनीकी भाग के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों को संलग्न करना होगा।

क) पंजीकरण विवरण

बी) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध लाइसेंस / प्रमाण पत्र

ग) सेल्फ अटेस्टेड जीएसटी पंजीकरण और पैन कॉपी

9.2 तकनीकी भाग में आवश्यक सेवाओं के बारे में जानकारी और अन्य प्रासंगिक तकनीकी विवरण शामिल होने चाहिए जो कुल मिलाकर सी-डॉट आवश्यकताओं के अनुरूप हों और जो एनआईटी दस्तावेज़ में उल्लिखित हों। **<u>बोलीकर्ताओं द्वारा अनुलग्नक-घ के अनुसार मेक इन इंडिया/स्थानीय सामग्री और जीएफआर 144 प्रपत्र संबंधी घोषणा पत्र जमा करना अनिवार्य है। (निविदा दस्तावेज के पृष्ठ 36-40)। प्रपत्र विधिवत रूप से भरे हुए, हस्ताक्षरित और कंपनी की मुहर के साथ होने चाहिए और केवल तकनीकी बोली में संलग्न होने चाहिए। प्रपत्रों को जमा न करने पर बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा।</u>**

9.3 निविदाकर्ता द्वारा भारत में स्थित ऐसे ग्राहकों की सूची प्रस्तुत करनी होगी जिन्हें समान सेवाएं प्रदान की गई हों। उक्त सूची में संपर्क व्यक्तियों के नाम और उनके फोन नंबर/ई-मेल आईडी के साथ-साथ परिसर/स्थान के पते का उल्लेख स्पष्ट होना चाहिए।

9.4 चूंकि नवीकरण/नवीनीकरण बी4 ब्लॉक में स्थित मॉडल फ्लैट नंबर 319 के अनुसार किया जाना है और जैसा कि खंड 9.16 में बताया गया है, बोलीकर्ताओं को कार्य की मात्रा, कार्य की प्रकृति, यदि किसी प्रकार की साइट की तैयारी करनी आवश्यक हो, आदि को समझने के लिए नेशनल गेम्स विलेज, कोरमंगला, बेंगलुरु - 560 034 में स्थित मॉडल फ्लैट के साथ-साथ उन सात फ्लैटों का दौरा करना/निरीक्षण करना अनिवार्य है जहाँ नवीकरण/नवीनीकरण किया जाना है। सामग्री के भंडारण के लिए जगह की पहचान करने के लिए अपार्टमेंट एसोसिएशन से सी-डॉट द्वारा आवश्यक अनुमति प्राप्त की जाएगी। हालांकि, एनजीवी कोरमंगला में सामग्री के सुरक्षित भंडारण के लिए बोलीकर्ता को सुरक्षा उपाय करने होंगे। सी-डॉट सामग्री/वस्तुओं के किसी भी नुकसान, चोरी या उठाईगीरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

9.5 मूल्यांकन के लिए वाणिज्यिक अनुपालन शीट (अनुलग्नक-क) और तकनीकी अनुपालन शीट (अनुलग्नक-ख) प्रस्तुत करना पूर्व-आवश्यकता है। अतः इसे तकनीकी भाग के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अनुपालन विवरण में किसी भी प्रकार के मिथ्याकरण/तथ्यों को छिपाने पर ईएमडी को जब्त करने के साथ-साथ बोली को अस्वीकार किया जाएगा।

9.6 दरें बीओक्यू प्रारूप में उद्धृत की जानी चाहिए जिसमें टर्न-की आधार पर काम पूरा करने के लिए सामग्री, श्रम और कोई अन्य शुल्क शामिल होना चाहिए।।

9.7 बीओक्यू में दर्शाई गई मात्रा केवल अनुमानित है। सी-डॉट मौजूदा निबंधन एवं शर्तों के अनुसार आवश्यकता के अनुरूप अपेक्षित मात्रा को बढ़ाने / घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अत: भुगतान वास्तविक उपयोग/माप के अनुसार ही किया जायेगा।

9.8 बोलीकर्ता यह ध्यान रखें कि नेशनल गेम्स विलेज एक गेटेड और आवासीय इलाका है जहाँ पर यह कार्य किया जाना है। सी-डॉट द्वारा अपार्टमेंट एसोसिएशन से अनुमति प्राप्त की जाएगी और बोलीकर्ता को तदनुसार सूचित किया जाएगा। बोलीकर्ता के लिए यह अनिवार्य है कि वह दिन-प्रतिदिन काम शुरू

करने/बंद करने, सामग्री और श्रम की आवाजाही, आदि के लिए एसोसिएशन द्वारा निर्दिष्ट समय का पालन करे। एसोसिएशन द्वारा निर्दिष्ट नियमों और विनियमों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। बोलीकर्ता को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि काम, सामग्री और श्रम की आवाजाही से निवासियों/पड़ोसियों को परेशानी कम से कम हो।

9.9 बोलीकर्ताओं को सुनिश्चित करना होगा कि उपकरण, सामग्री, उपभोग्य वस्तुएं, श्रम, कर इत्यादि के लिए उद्धृत दरों की मूल्य बोली असामान्य रूप से कम न हो।

9.10 यदि कोई बोली असामान्य रूप से कम पाई जाती है, तो सी-डॉट बोलीकर्ता से उस पर लिखित पुष्टि/स्पष्टीकरण मांग सकता है।

9.11 यदि बोलीकर्ता से उद्धृत दर/दरों के संबंध में कोई संतोषजनक तर्क/स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है, तो सी-डॉट को प्राप्त न्यूनतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार है।

9.12 बोलीकर्ता की जिम्मेदारी होगी को कि वह यह सुनिश्चित करें कि किसी बाहरी व्यक्ति/बाहरी पक्ष को सी-डॉट के किसी भी आधिकारिक दस्तावेज तक पहुंच प्राप्त न हो। ठेकेदार/बोलीकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके कर्मी सी-डॉट के सभी दस्तावेजों की सामग्री के संबंध में पूर्ण गोपनीयता बनाए रखते हैं, जो उन्हें सी-डॉट में अपने काम के दौरान प्राप्त होते हैं और किसी तीसरे पक्ष को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे किसी भी दस्तावेज / जानकारी की प्रतिलिपि बनाने / प्रकट करने / साझा करने और / या हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाए। उपरोक्त प्रावधान के किसी तरह के उल्लंघन / उल्लंघन के खतरे पर ठेकेदार/बोलीकर्ता पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा, निष्पादन बैंक गारंटी को जब्त किया जाएगा और क्रय आदेश को समाप्त किया जाएगा। आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

9.13 यदि बोली/बोलियों को खोलने की तारीख अवकाश है, तो बोली अगले कार्य दिवस को उसी समय खोली जाएगी।

9.14 यदि क्रय आदेश के निष्पादन के दौरान किसी भी समय ठेकेदार को सेवा प्रदान करते समय कार्य निष्पादन में बाधा डालने वाली परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, तो उन्हें तुरंत सी-डॉट को लिखित रूप में, इस प्रकार की परिस्थिति उत्पन्न होने के 14 दिनों के भीतर, देरी के तथ्य, देरी का कारण और निवारण की संभावित अवधि के बारे में सूचित करना होगा। सी-डॉट स्थिति का आकलन कर अपने विवेक से बोलीकर्ताओं के कार्य निष्पादन का समय बढ़ाने पर निर्णय करेगा। सी-डॉट का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

9.15 सी-डॉट बिना कोई कारण बताए निविदा के किसी भी भाग या पूर्ण निविदा को अस्वीकार/स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

9.16 **नेशनल गेम्स विलेज के निरीक्षण/भेंट की तारीख मंगलंवार, 23 मई, 2023 को दोपहर 14 बजे होगी। चूंकि केवल एक प्री-बिड विज़िट निर्धारित है, सभी इच्छुक बोलीकर्ताओं को कावेरी ब्लॉक, नेशनल गेम्स विलेज, कोरमंगला, बेंगलुरु - 560 034 में दोपहर 1330 बजे से पहले इकट्ठा होने का अनुरोध किया जाता है। बोलीकर्ताओं से इस आवश्यकता का अनुपालन करने का भी अनुरोध किया जाता है। बाद में इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

9.17 **बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे सभी अनुलग्नकों – क से घ तक, पूर्ण सेट की एक हार्ड कॉपी सी-डॉट**

**को 07.06.2023 को, यानी निविदा की अंतिम तारीख के तुरंत बाद जमा करें।**

9.18 बोलीकर्ता कृपया ध्यान दें कि बीओक्यू/निविदा दस्तावेज में दर्शाए गए मेक केवल संदर्भ उद्देश्यों के लिए हैं। तथापि, वांछित विनिर्देशों के अनुसार कोई भी आईएसआई स्वीकृत मेक स्वीकार्य हैं।

**10. बोलीकर्ता की पात्रता मानदंड :**

| क्र. सं. | पात्रता मानदंड | पात्रता का विस्तृत विवरण | ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाला अपेक्षित दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1 | पंजीकृत ठेकेदार। | ठेकेदार सरकारी पंजीकृत ठेकेदार होना चाहिए। पंजीकरण विवरण प्रदान किए जाएँ। | कर्नाटक राज्य पीडब्ल्यूडी पंजीकरण प्रमाणपत्र / सीपीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र / कोई अन्य राज्य का पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र। |
| 2 | स्थान | पंजीकृत कार्यालय या शाखा कार्यालय बेंगलूर में स्थित होना चाहिए। | बेंगलूर के पंजीकृत कार्यालय या शाखा कार्यालय के लिए दस्तावेज़ी प्रमाण। |
| 3 | टर्न ओवर | पिछले तीन वर्षों के दौरान बोलीकर्ताओं का औसत वार्षिक वित्तीय कारोबार<br>पिछले वित्तीय वर्ष के 31 मार्च को समाप्त होने वाले वर्ष में कम से कम 30 लाख रुपये होने चाहिए। | वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में सिविल कार्य के लिए<br>एजेंसी के औसत वार्षिक कारोबार के बारे में उल्लेख करने वाला प्रमाणपत्र।<br>लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र और लाभ-हानि लेखा विवरणी जैसे सहायक दस्तावेज संलग्न करें। |
| 4 | अनुभव प्रमाणपत्र | सिविल निर्माण क्षेत्र और नवीकरण/नवीनीकरण कार्यों या समरूप कार्यों के पर्यवेक्षण में कम से कम 5 वर्ष। | सहायक दस्तावेज़ी प्रमाण के साथ निर्दिष्ट क्षेत्रों में संचालन के वर्षों की संख्या निर्दिष्ट करने के समर्थन में प्रमाण पत्र / विवरण। |
| 5 | निष्पादित समान कार्य (पात्र होने के लिए सभी बोलीदाताओं को अनिवार्य रूप से इस मानदंड को पूरा करना होगा) | पिछले पांच वर्षों में समरूप कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया जाना चाहिए। | निम्नलिखित में से किसी एक का अनुपालन करते हुए दस्तावेज़ प्रमाण प्रस्तुत किया जाना चाहिए।<br>1. तीन समान पूर्ण किए गए कार्य जिनकी लागत 36 लाख रुपये के बराबर राशि से कम न हो<br>2. दो समान पूर्ण किए गए कार्य जिनकी लागत 45 लाख रुपये के बराबर राशि से कम नहीं है।<br>3. एक समान पूरा किया गया कार्य जिसकी लागत 72 लाख रुपये के बराबर राशि से कम न हो। |

हालांकि एमएसएमई प्रमाणपत्र धारकों को टर्नओवर और अनुभव मानदंड से छूट दी गई है, लेकिन उन्हें मूल्यांकन के लिए अपने टर्नओवर और अनुभव के समर्थन में दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करने होंगे

**11. बोलियों का मूल्यांकन मानदंड:**

11.1 10वे बिंदु में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले बोलीकर्ताओं की बोलियों का मूल्यांकन नीचे बताए गए अनुक्रम में किया जाएगा।

11.2 तकनीकी मूल्यांकन समिति (टीईसी) द्वारा तकनीकी अनुपालन के लिए बोलियों का मूल्यांकन किया जाता है।

11.3 सी-डॉट बोलीकर्ता के ग्राहकों से फीडबैक प्राप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और किए गए कार्य की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एजेंसी की साइटों का निरीक्षण करने के लिए एक विधिवत गठित समिति भी नियुक्त कर सकता है। बोलीकर्ता को तकनीकी रूप से शॉर्टलिस्ट करने के लिए ग्राहकों का फीडबैक निर्णायक कारकों में से एक होगा।

11.4 केवल तकनीकी रूप से योग्य बोलीकर्ताओं की वित्तीय बोलियाँ खोली जाती हैं।

11.5 एल1 (सबसे कम बोली लगाने वाले) तय करने की प्रक्रिया- मूल्य की तुलना लैंडिंग लागत (मूल लागत + वैधानिक शुल्क) पर सभी आवश्यक सेवाओं के लिए समग्र न्यूनतम बोली के आधार पर की जाएगी।

11.6 केवल एल1 होना आदेश जारी / प्रदान करने का मानदंड नहीं होगा। बोलीकर्ताओं की शॉर्टलिस्टिंग के लिए ग्राहकों का फीडबैक महत्वपूर्ण मानदंड होगा।

11.7 बोलीकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उद्धृत दर (यानी) उपकरण, सामग्री, उपभोग्य वस्तुएं, श्रम, कर आदि से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार करते हुए मूल्य बोली असामान्य रूप से कम नहीं है।

11.8 यदि कोई बोली असामान्य रूप से कम पाई जाती है, तो सी-डॉट बोलीकर्ता से उस पर लिखित पुष्टि/स्पष्टीकरण मांग सकता है।

11.9 यदि बोलीकर्ता से उद्धृत दर/दरों के संबंध में कोई संतोषजनक तर्क/स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है, तो सी-डॉट को प्राप्त न्यूनतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार है।

11.10 मिथ्याकरण/दबाव/जानकारी को गलत तरीके से प्रस्तुत करने पर बोली को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

**12. भुगतान की शर्तें:**

12.1 पहले चरण में दो फ्लैटों के पूर्ण नवीनीकरण और सुपुर्दगी के बाद दो फ्लैटों की लागत का पूरा भुगतान किया जाएगा। तदनुसार, दूसरे चरण में अगले दो फ्लैटों के नवीकरण और सौंपने के बाद, उन दो फ्लैटों की लागत का पूरा भुगतान किया जाएगा और तीसरे चरण में शेष तीन फ्लैटों की लागत का पूरा भुगतान किया जाएगा। भुगतान केवल चरणवार किया जाएगा, जो सी-डॉट प्रतिनिधि द्वारा स्वीकृति और उचित प्रमाणन के अधीन होगा। बोलीकर्ता/ठेकेदार द्वारा पूर्ण बैंक विवरण प्रदान किया जाना है।

12.2 सी-डॉट द्वारा किसी अग्रिम भुगतान के दावे या चालू बिल पर विचार नहीं किया जाएगा। भुगतान करने

में देरी पर सी-डॉट द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।

12.3 समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार स्रोत पर आयकर या किसी अन्य वैधानिक शुल्क की कटौती की जाएगी।

**13. सिविल कार्य पूरा करने का समय/अवधि:**

ठेकेदार को आदेश प्राप्त होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर काम शुरू करना होगा और **पहले दो फ्लैटों** के पूर्ण नवीनीकरण / नवीनीकरण और सौंपने के लिए समय/अवधि, (पहला चरण) काम शुरू होने की तारीख से **तीन महीने** होगी। **अगले दो फ्लैटों** (दूसरा चरण) के लिए समय/अवधि सी-डॉट से प्रारंभ पत्र जारी होने की तारीख से **तीन महीने** की होगी और **शेष तीन फ्लैटों (तीसरा चरण)** के लिए यह सी-डॉट से प्रारंभ पत्र जारी करने की तारीख से **चार महीने** होगी।

**14. जुर्माना:**

संविदा संबंधी सभी शर्तों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। काम पूरा करने में ऊपर बताई गई अवधि से अधिक किसी भी तरह की देरी के लिए कुल ऑर्डर मूल्य का 5%, अधिकतम 0.5% प्रति सप्ताह / उसका एक भाग तक का जुर्माना लगाया जाएगा। 10 सप्ताह से अधिक की देरी होने पर जुर्माना सी-डॉट द्वारा तय किया जाएगा जो बोलीकर्ताओं पर बाध्यकारी होगा।

**15. <u>ठेकेदार / बोलीकर्ता की जिम्मेदारी:</u>**

15.1 क्रय आदेश प्रदान करने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर ठेकेदार द्वारा सेवाएं शुरू करनी होंगी। पूर्ण संपर्क विवरण सी-डॉट से साझा किए जाने होंगे। ठेकेदार को काम की निगरानी और समन्वय के लिए एक पर्यवेक्षक नियुक्त करना होगा और सी-डॉट प्रतिनिधि को नियमित रूप से इसकी जानकारी देनी होगी।

ठेकेदार को यह सुनिश्चित करना होगा कि निविदा के तहत कार्यों के लिए कुशल श्रमिक तैनात किए जाएंगे और सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सामग्री का इस्तेमाल किया जाएंगा और इसे सी-डॉट द्वारा अग्रिम रूप से अनुमोदित किया जाएगा। कार्य के दौरान मलबे को एनजीवी परिसर से उचित तरीके से सी-डॉट को बिना किसी अतिरिक्त लागत के हटाना जाना होगा।

15.2 ठेकेदार सभी वैधानिक आवश्यकताओं जैसे पीएफ, ईएसआई, आदि का पालन करेगा और वैधानिक आवश्यकताओं के अनुसार कर्मियों को समय पर मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित कर सभी श्रम कानूनों/अधिनियमों का पालन करेगा।

15.3 सी-डॉट में तैनात कर्मियों को पहचान पत्र और अन्य आवश्यक सामान जारी करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। ठेकेदार के कर्मियों को एनजीवी, कोरमंगला में काम करते समय आईडी कार्ड पहने रखना होगा। साथ ही ठेकेदार के कर्मियों को एनजीवी परिसर में कोविड के अनुकूल व्यवहार का पालन करना होगा।

15.4 ठेकेदार अपने कर्मियों के आचरण और व्यवहार के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होगा और अपने कर्मियों के आचरण के कारण सी-डॉट की संपत्ति या अन्य आवासीय/एनजीवी संपत्ति को पहुँची किसी भी नुकसान या क्षति को ठेकेदार जल्द से जल्द ठीक करेगा।

15.5 ठेकेदार अपने द्वारा तैनात कर्मचारियों के संबंध में सभी दावों के लिए सी-डॉट की क्षतिपूर्ति करेगा। यदि ठेकेदार का कोई कर्मचारी किसी भी प्रकार के विवाद में पड़ता है तो उसका मुकाबला करना ठेकेदार की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। यदि सी-डॉट को पक्षकार बना दिया जाता है और माना जाता है कि वह मुकदमा लड़ेगा, तो सी-डॉट को काउंसेल शुल्क और अन्य खर्चों के प्रति किए गए वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति की जानी चाहिए, जिसका भुगतान बोलीकर्ता द्वारा मांग पर सी-डॉट को अग्रिम रूप से किया जाएगा। इसके अलावा, ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी प्रकृति के मामलों में सी-डॉट पर कोई वित्तीय या अन्य देयता नहीं आती है और इस संबंध में सी-डॉट की क्षतिपूर्ति करेगा। सी-डॉट को इस निविदा/आदेश के तहत ठेकेदार को देय भुगतान से पूर्वोक्त रूप में किसी भी राशि को समायोजित करने और/या कटौती करने का अधिकार होगा।

15.6 सी-डॉट आपके कर्मचारियों, या एनजीवी के किसी अन्य निवासियों की किसी भी दुर्घटना, मृत्यु या चोट के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं होगा जो उनके कार्य निर्वाहन के दौरान होगा और न ही सी-डॉट ऐसे व्यक्तियों को मुआवजे का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार/उत्तरदायी होगा। ठेकेदार को हर समय क्षतिपूर्ति करनी होगी और सी-डॉट को सभी दावों के प्रति क्षतिपूर्ति करनी होगी जो कर्मचारी मुआवजा अधिनियम/मजदूरी संहिता/अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत हो सकते हैं या जो हमारे परिसर में या अपने कार्य निर्वाहन के दौरान हुई दुर्घटना या चोट के लिए हो सकता है। ठेकेदार अपने कर्मचारियों के उचित बीमा कवरेज के लिए भी जिम्मेदार होगा।

15.7 निर्धारित मानदंडों/नियमों का पालन न करने के कारण सी-डॉट द्वारा किसी सांविधिक प्राधिकारी को किया जाने वाला कोई भी भुगतान ठेकेदार द्वारा ही वहन किया जाएगा।

15.8 ठेकेदार को अनुबंध के तहत अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए किसी उप-ठेकेदार को नियुक्ती नहीं करेगा।

15.9 ठेकेदार/बोलीकर्ता को यह सुनिश्चित करना होगा कि काम/कार्य पूरा होने के बाद साइट पूरी तरह से मलबे/कचरे आदि से साफ हो गई है तथा यह बोलीकर्ता/ठेकेदार द्वारा सी-डॉट को बिना किसी अतिरिक्त लागत के करना होगा।

15.10 किसी बिल या उसके किसी भाग के संबंध में किसी प्रश्न, आपत्ति, देरी या विवाद की स्थिति में, ठेकेदार/बोलीकर्ता केंद्र द्वारा देर से भुगतान किए जाने पर किसी प्रकार के ब्याज पाने के हकदार नहीं होंगे।

15.11 काम / कार्य शुरू करने से पहले सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरणों जैसे मचान, जाल, सीढ़ी, रस्सियों, दस्ताने, हेलमेट आदि के उपयोग से सभी सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करना ठेकेदार/बोलीकर्ता की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी और इसकी लागत बोलीकर्ता को वहन करनी होगी। एनजीवी, कोरमंगला में काम के दौरान उनके कर्मियों द्वारा सभी सुरक्षात्मक और सुरक्षा गियर पहने/उपयोग किए जाने के संबंध में सुनिश्चित करना भी बोलीकर्ता/ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।

15.12 सिगरेट, बीड़ी आदि का धूम्रपान या गुटखा, पान, तंबाकू चबाना और शराब का सेवन सख्त वर्जित है। इस नियम का उल्लंघन करने वाले आपके किसी भी कर्मचारी को सी-डॉट द्वारा तुरंत हटा दिया जाएगा।

15.13 ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि उसके द्वारा तैनात कर्मचारी एनजीवी प्रशासन/सुरक्षा/अन्य निवासियों के साथ अनावश्यक झगड़ा/विवाद न करें। कार्य के दौरान किसी भी मुद्दे को तुरंत सी-डॉट प्रतिनिधि के ध्यान में लाया जाए।

15.14 ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि सी-डॉट को दी गई पूर्व सूचना के अनुसार उसके द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकृत कर्मी ही परिसर में प्रवेश करेंगे। एनजीवी परिसर के अंदर किसी अन्य व्यक्ति को अनुमति नहीं दी जाएगी।

**16. <u>वारंटी:</u>**

